<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–17 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले कामगारों के परिजनों और जम्मू के शिवखोड़ी हादसे में घायल हुए लोगों को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। गोरखपुर में जनता दर्शन में सुनी समस्याएं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल के वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां जोरो पर। अन्नदाता किसानों से संवाद के साथ श्री काशी विश्वनाथ का करेंगे दर्शन ।
- प्रदेश में धार्मिक हर्षोल्लास के बीच आज मनाया जा रहा ईद–उल–अजहा का पर्व। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर किए व्यापक इंतजाम।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। प्रयागराज में सर्वाधिक 47 दशमलव छह डिग्री पर पहुंचा पारा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन कुवैत में हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले गोरखपुर के दो कामगारों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की और उन्हें पांच–पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों हुए हादसे में घायल गोरखपुर के श्रद्धालुओं से भी भेंट कर उनका कुशल क्षेम जाना और उन्हें एक–एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देगी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश भर से आये लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी जन प्रतिनिधि विकास और जनकल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करते रहें। अपने अपने क्षेत्र के पात्र लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ विकास कार्यों के प्रस्ताव भी सरकार को प्राथमिकता से उपलब्ध कराएं।श्री योगी ने कहा कि सुरक्षित माहौल में विकास और जनकल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। संवाद के दौरान श्री योगी ने हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर भी चर्चा की।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद पहली बार कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आएंगे। इस दौरे में वह अन्नदाता किसानों से संवाद करने के साथ ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के पश्चात गंगा आरती में भी सम्मिलित होंगे। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान सम्मेलन में किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों के खातों में स्थानान्तरित करेंगे। प्रधानमंत्री के काशी आगमन पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

**********

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कई जनपदों में जिला प्रशासन और समाजिक संगठनों के द्वारा साप्ताहिक योग शिविरों की शुरूआत की जा रही है है। सहारनपुर में कल लोक निर्माण राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के द्वारा जनमंच सभागार में आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इस दौरान लोगों से योग को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इसी क्रम में अमरोहा में आयुष मंत्रालय द्वारा कल कॉमन योगा प्रोटोकाल का अभ्यास कराया गया। वहीं मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के खेल मैदान में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति संगीता शुक्ला ने कहा कि योग से शारीरिक मजबूती के साथ–साथ मानसिक बल भी मिलता है। वाराणसी में शुरू हुए योग सप्ताह के दूसरे दिन लोगों ने नमो घाट पर पूरे उत्साह के साथ योग किया।

**********

प्रदेश सहित देशभर में नये आपराधिक कानून एक जुलाई 2024 से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। 18 वर्ष कम उम्र की लड़कियों के खिलाफ अपराध के लिये गंभीर दंड का प्रावधान है, जिसमें सबसे जघन्य कृत्यों के लिये आजीवन कारावास या मौत की सजा शामिल है। बीएनएस की धारा 95 के

तहत बच्चों का शोषण दंडनीय अपराध है। ऐसे लोग जो बच्चों को आपराधिक गतिविधियों के लिये नियोजित करते हैं या उन्हें काम पर रखते हैं वे दंड के पात्र हैं।

**********

प्रदेश में ईद–उल–अजहा का पर्व आज पूरे धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रशासन ने आज बकरीद को सुचारू रूप से मनाने के लिए व्यापक इंतजाम किये हैं और सावधानियां बरती हैं। ड्रोन से सभी व्यस्ततम और नमाज स्थलों की निगरानी की जाएगी।

**बकरीद की नमाज अदा करने के लिए लोग तैयार होकर अपने नजदीकी मस्जिदों का रुख कर रहे हैं। आज की खास नमाज में पूरे मुल्क में अमन चैन और हर किसी की सलामती की दुआ भी मांगी जाएगी। लखनऊ की मशहूर टीले वाली मस्जिद में नमाज सुबह 9 बजे और ऐशबाग मस्जिद में सुबह 10 बजे पढ़ी जाएगी। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म होगी।**

**राज्य सरकार ने पहले ही एक एडवाइजरी जारी कर सभी जिला पुलिस प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि कोई नई परंपरा शुरू न हो और प्रतिबंधित जानवर की बलि न दी जाए। बकरीद पर कुर्बानी के लिए जगह पहले से ही तय कर ली जाये. इसके अलावा अन्य विवादित और संवेदनशील स्थानों पर कुर्बानी नहीं की जानी चाहिए। मौलवियों और धर्मगुरुओं ने लोगों को सरकार के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है, पुलिस कानपुर, मुरादाबाद, रामपुर, मेरठ और मऊ जैसे शहरों में संवेदनशील इलाकों पर अतिरिक्त निगरानी रख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–उल–अजहा के मौके पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।**

**********

गंगा दशहरा के अवसर पर कल श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर दान पुण्य किया। ऐसी मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन ही मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। प्रदेश में प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, गाजीपुर, फर्रूखाबाद और गढ़मुक्तेश्वर में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए थे।

***गंगा दशहरा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस नदी के तटों और घाटों पर खास निगरानी रख रही है। घाटों पर विशेष पुलिस बल और गोताखोरों की तैनाती की गई है। अमरोहा, मेरठ, कानपुर, फर्रूखाबाद, प्रयागराज, गाजीपुर और बलिया जैसे प्रमुख शहरों में गंगा नदी के घाटों पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। वाराणसी में देश भर से स्नान करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिये सभी 84 घाटों पर खास इंतजाम किये गये हैं। गंगा दशहरा को गंगावतरण भी कहा जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि इसी शुभ दिन पृथ्वी पर गंगा जी का पवित्र अवतरण हुआ था।***

कन्नौज के मेहंदीघाट पर गंगा दशहरा के अवसर पर, नेशनल मिशनफॉर क्लीन गंगा के तहत भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून के तत्वावधान में गंगा प्रहरियों नें जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को कपड़े, पालीथीन, ,प्लास्टिक, कूड़ा आदि गंगा में न डालने के लिये जागरूक किया गया।

**********

प्रदेश में लोग भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से बेहाल हैं। कल प्रदेश के 15 जनपदों में दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ज्यादा दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान प्रयागराज जनपद में 47 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग नौ डिग्री अधिक है। बुंदेलखंड के झांसी जनपद में तापमान 47 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लखनऊ में रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ी और अधिकतम तापमान 45 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले पांच दिनों तक लू की चेतावनी जारी करते हुए बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, वाराणसी, इटावा और हमीरपुर सहित 25 जिलों के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। तेज गर्मी से 28 लोगों की मौत होने के समाचार भी मिले हैं, जिसमें प्रयागराज, बुन्देलखंड, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा, कानपुर देहात, कुशीनगर और महराजगंज में एक–एक व्यक्ति की, वहीं कानपुर और वाराणसी में आठ लोगों की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं महोबा में दो और मिर्जापुर में तीन लोगों की मौत हुई हैं।

**********